बालिका आत्मरक्षा

कराते प्रशिक्षण शिविर -2022-23

• आयोजक •

जिला शिक्षा केन्द्र, जिला इन्दौर • इन्दौर पुलिस

म.प्र. कराते एसोसिएशन • इन्दौर जिला कराते एसोसिएशन

10 हजार से अधिक बालिकाओं को कराते का प्रशिक्षण

इंदौर। जिला शिक्षा केंद्र, इंदौर पुलिस, म.प्र. कराते एसोसिएशन, जिला कराते एसोसिएशन, कोठारी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर के प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण शिविर जनवरी व फरवरी माह में आयोजित किया गया था, जिसमें 144 शासकीय विद्यालयों की कुल 10277 बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। 51 प्रशिक्षकों ने इस शिविर की जिम्मेदारी संभाली थी।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिला शिक्षा केंद्र के परियोजना समन्वयक अक्षय सिंह राठौर, पुलिस एसीपी हेड क्वार्टर अजय बाजपेई, देअविवि की खेल प्रभारी श्रीमती सुधीरा चंदेल, पूर्व डीएसपी बीआर यादव, उप निरीक्षक शिवम ठक्कर, पीथमपुर औद्योगिक संगठन के अध्यक्ष गौतम कोठारी, सुरेश कोठारी, मधुलिका शुक्ला व प्राचार्य डॉ.अभय गुप्ता मौजूद थे। स्वागत जिला कराते एसोसिएशन के चेयरमैन सुभाष सातालकर, अशोक सेन, विनय यादव, विश्वास त्रिवेदी, नारायण चंदेलिया, कैलाश बाथम , मनोज बजाज ने किया। इस प्रशिक्षण शिविर में 51 प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही निलेश्वरी तोमर को बेस्ट प्रशिक्षक का अवार्ड दिया गया। तानिया जोशी, अंजली परिहार, सिका खंडेलकर को सर्वाधिक बालिकाओं को प्रशिक्षण देने के लिए सम्मानित किया गया।

मध्यप्रदेश की टीम घोषित

इंदौर। बेंगलुरु में होने वाली 16वीं एशियन्स नेशनल चैंपियनशिप के लिए मध्यप्रदेश टीम की घोषणा म.प्र. संघ के अध्यक्ष अभय राहुल ने की। टीम में अंश रघुवंशी, कुलदीप पाटील, तनिष्का पाटनी, विराज परमार, लकी यादव, सानवी राणा का चयन किया गया है। टीम के कोच राजा परमार होंगे।

samachar.indore@gmail.com, indoresmchr@rediffmail.com, info@indoresamachar.net, Web: www.indoresamachar.net

RNI No. 1533/57, Dak Reg.: MP/IDC/91/2021-2023

इन्दौर समाचार

इन्दौर समाचार के विज्ञापन सं. श्री दुर्गेश मोदी

वर्ष 63, अंक-9 | इन्दौर, गुरुवार 30 मार्च 2023

बच्चों को सेल्फ डिफेंस के साथ साइबर डिफेंस के प्रशिक्षण अभियान का समापन

इंदौर(मनीष शर्मा)। महिला अपराधों एवं साइबर अपराधों के बारे में सामाजिक जागरूकता लाने के उद्देश्य से इंदौर कमिश्नरेट पुलिस, इंदौर जिला शिक्षा केंद्र व इंदौर जिला कराते एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में बालिकाओं एवं स्कूल के बच्चों को उनकी आत्मसुरक्षा के लिए सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग अभियान का संचालन विगत तीन माह में किया गया जिसका समापन 29 मार्च को कोठारी कॉलेज इंदौर में किया गया।

आत्मसुरक्षा के इस महाअभियान के तहत इंदौर जिला कराते एसोसिएशन ने 51 प्रशिक्षकों के माध्यम से जिले के 144 शासकीय स्कूलों में लगभग 10300 बालिकाओं को किसी अधिक स्थिति या परेशानी के समय अपनी स्वयं की सुरक्षा किस प्रकार करें, इसके लिये उन्हें सेल्फ डिफेंस के विभिन्न तरीके बताते हुए निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया गया।इसके साथ इंदौर कमिश्नरेट पुलिस की ट्रेनिंग एवं अवेयरनेस टीम ने भी इन बच्चों को सेल्फ डिफेंस के साथ-साथ साइबर डिफेंस के तहत स्कूलों में लगातार साइबर क्राइम, महिला सुरक्षा एवं नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्यशाला ली गयी और छात्र-छात्राओं को इन अपराधों एवं इनके रोकथाम के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी।

उक्त अभियान का अत्यन्त सफलतापूर्वक समापन जिला शिक्षा केंद्र इंदौर से परियोजना समन्वयक अक्षय सिंह राठौर के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम को अध्यक्षता इंदौर जिला कराते एसोसिएशन के अध्यक्ष व सहायक पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) अजय बाजपेयी ने की, वहीं कार्यक्रम में विशेष रूप में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय से खेल प्रभारी श्रीमती सुधीरा चंदेल, सी.पी. डीएसपी बीआर यादव, उप निरिक्षक शिवम ठक्कर, पीथमपुर औद्योगिक संगठन के अध्यक्ष गौतम कोठारी एवं कोठारी कॉलेज के चेयरमेन सुरेश कोठारी, डायरेक्टर मधुलिका शुक्ला व प्राचार्य डॉ. अभय गुप्ता, इंदौर जिला कराते एसोसिएशन के चेयरमेन सुभाष सातालकर, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक सेन, विश्वास त्रिवेदी, नारायण चंदेलिया, कैलाश बाथम, मनोज बजाज उपस्थित रहे। 51 प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इंदौर पुलिस की ओर से अभियान में योगदान देने पर एसीपी हेड क्वार्टर अजय बाजपेयी और उनि शिवम ठक्कर को भी सम्मानित किया गया।

सेल्फ डिफेंस के साथ साइबर डिफेंस का दिया प्रशिक्षण

इंदौर » दबंग रिपोर्टर

महिला अपराधों एवं साइबर अपराधों के बारे में सामाजिक जागरूकता लाने के उद्देश्य से इंदौर कमिश्नरेट पुलिस, जिला शिक्षा केंद्र व इंदौर जिला कराते एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में बालिकाओं एवं स्कूल के बच्चों को उनकी आत्मसुरक्षा के लिए सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग अभियान का संचालन विगत तीन माह में किया गया, जिसका समापन कोठारी कॉलेज इंदौर में किया गया।

अभियान के तहत 51 प्रशिक्षकों के माध्यम से जिले के 144 शासकीय स्कूलों में लगभग 10300 बालिकाओं को सेल्फ डिफेंस का निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसी के साथ पुलिस की ट्रेनिंग एवं अवेयरनेस टीम ने भी इन सेल्फ डिफेंस के साथ-साथ साइबर क्राइम, महिला सुरक्षा एवं नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्यशाला ली गयी और इन अपराधों एवं इनके रोकथाम के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस अभियान का समापन इंदौर पुलिस की ओर से इस अभियान में महत्वपूर्ण योगदान देने पर एसीपी हेड क्वार्टर अजय बाजपेयी, पीथमपुर औद्योगिक संगठन के अध्यक्ष गौतम कोठारी एवं कोठारी कॉलेज के चेयरमेन सुरेश कोठारी, डायरेक्टर मधुलिका शुक्ला व प्राचार्य डॉ. अभय गुप्ता, इंदौर जिला कराते एसोसिएशन के चेयरमेन सुभाष सातालकर, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक सेन, विश्वास त्रिवेदी, नारायण चंदेलिया, कैलाश बाथम, मनोज बजाज उपस्थित रहे। 51 प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इंदौर पुलिस की ओर से अभियान में योगदान देने पर एसीपी हेड क्वार्टर अजय बाजपेयी और उनि शिवम ठक्कर को भी सम्मानित किया गया।

बालिकाओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

महिला अपराधों एवं साइबर अपराधों के बारे में सामाजिक जागरूकता लाने के उद्देश्य से इंदौर कमिश्नरेट पुलिस, इंदौर जिला शिक्षा केंद्र व इंदौर जिला कराते एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में बालिकाओं एवं स्कूल के बच्चों को उनकी आत्मरक्षा के लिए सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण दिया गया। कोठारी कॉलेज में तीन माह का सफल प्रशिक्षण दिया गया है।

दैनिक भास्कर इंदौर 30-03-2023

10 हजार बच्चियों ने सीखा सेल्फ डिफेंस 144 सरकारी स्कूलों में चला अभियान

तीन महीने से चल रहा था प्रोग्राम, साइबर डिफेंस का प्रशिक्षण भी दिया गया

भास्कर संवाददाता | इंदौर

महिला और सायबर अपराधों के बारे में सामाजिक जागरूकता लाने के उद्देश्य से 10 हजार से ज्यादा बच्चियों ने सेल्फ डिफेंस सीखा। इंदौर कमिश्नरेट पुलिस, जिला शिक्षा केंद्र और इंदौर जिला कराते एसोसिएशन के संयुक्त प्रयासों से स्कूलों बच्चियों को ट्रेनिंग दी गई कि आत्मरक्षा कैसे करें। तीन महीने से चल रहे इस अभियान का समापन बुधवार को एक निजी कॉलेज में हुआ।

आत्मसुरक्षा के महाअभियान के तहत इंदौर जिला कराते एसोसिएशन ने 51 प्रशिक्षकों के माध्यम से जिले के 144 शासकीय स्कूलों में लगभग 10,300 बालिकाओं को ट्रेनिंग दी। बताया गया कि इन बच्चियों को किसी अधिक स्थिति या परेशानी के समय अपनी स्वयं की सुरक्षा किस प्रकार करें? इसी के साथ इंदौर कमिश्नरेट पुलिस की ट्रेनिंग एवं अवेयरनेस टीम ने भी बच्चों व लड़कियों को सेल्फ डिफेंस के साथ सायबर डिफेंस के तहत सायबर क्राइम एवं नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्यशाला ली। इन अपराधों एवं इनके रोकथाम के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम के समापन पर जिला शिक्षा केंद्र इंदौर से परियोजना समन्वयक अक्षयसिंह राठौर, सहायक पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) इंदौर अजय बाजपेयी के आत्मय देअविवि के खेल प्रभारी सुधीरा चंदेल, सी.पी. डीएसपी बीआर यादव, उप निरीक्षक शिवम ठक्कर, पीथमपुर औद्योगिक संगठन के अध्यक्ष गौतम

हजारों बालिकाओं को दिया आत्मरक्षा प्रशिक्षण

इंदौर। गत दो माह में इंदौर जिले की 144 शासकीय शालाओं में 51 प्रशिक्षकों द्वारा 10 हजार से अधिक बालिकाओं को आत्मरक्षा के तहत कराते का प्रशिक्षण दिया गया। जिला शिक्षा केंद्र जिला इंदौर, इंदौर पुलिस, मध्य प्रदेश कराते एसोसिएशन, इंदौर जिला कराते एसोसिएशन, कोठारी कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में हुए इस आयोजन में प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला परियोजना समन्वयक अक्षय सिंह राठौर, इंदौर पुलिस एसीपी हेड क्वार्टर अजय वाजपेई, देअविवि की खेल प्रभारी श्रीमती सुधीरा चंदेली उपस्थित थे। इस प्रशिक्षण शिविर में 51 प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही तानिया जोशी, अंजली परिहार, सिका खंडेलकर को सर्वाधिक बालिकाओं को प्रशिक्षण देने के लिए सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन म. प्र. कराते एसोसिएशन के सचिव विनय

बच्चों को दी सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग

साइबर अपराध से बचने के टिप्स

इंदौर। महिला अपराधों एवं साइबर अपराधों के बारे में सामाजिक जागरूकता लाने के उद्देश्य से इंदौर कमिश्नरेट पुलिस, इंदौर जिला शिक्षा केंद्र व इंदौर जिला कराते एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में बालिकाओं एवं स्कूल के बच्चों को उनकी आत्मसुरक्षा के लिये सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग अभियान का संचालन विगत तीन माह में किया गया जिसका समापन आज कोठारी कॉलेज इंदौर में किया गया।

आत्मसुरक्षा के इस महाअभियान के तहत इंदौर जिला कराते एसोसिएशन ने 51 प्रशिक्षकों के माध्यम से जिले इन्दौर के 144 शासकीय स्कूलों में लगभग 10300 बालिकाओं को किसी अधिक स्थिति या परेशानी के समय अपनी स्वयं की सुरक्षा किस प्रकार करें, इसके लिये उन्हें सेल्फ डिफेंस के विभिन्न तरीके बताते हुए निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसी के साथ इंदौर कमिश्नरेट पुलिस की ट्रेनिंग एवं अवेयरनेस टीम ने भी इन बच्चों को सेल्फ डिफेंस के साथ-साथ साइबर डिफेंस के तहत स्कूलों में लगातार साइबर क्राइम, महिला सुरक्षा एवं नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्यशाला ली गयी और छात्र-छात्राओं को इन अपराधों एवं इनके रोकथाम के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी। इस अभियान का समापन इंदौर जिला कराते एसोसिएशन के अध्यक्ष व सहायक पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) अजय बाजपेयी ने की, वहीं कार्यक्रम में विशेष रूप में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय से खेल प्रभारी श्रीमती सुधीरा चंदेल, सी.पी. डीएसपी बीआर यादव, उप निरिक्षक शिवम ठक्कर, पीथमपुर औद्योगिक संगठन के अध्यक्ष गौतम कोठारी एवं कोठारी कॉलेज के चेयरमेन सुरेश कोठारी, डायरेक्टर मधुलिका शुक्ला व प्राचार्य डॉ. अभय गुप्ता, इंदौर जिला कराते एसोसिएशन के चेयरमेन सुभाष सातालकर, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक सेन, विश्वास त्रिवेदी, नारायण चंदेलिया, कैलाश बाथम, मनोज बजाज उपस्थित रहे। 51 प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इंदौर पुलिस की ओर से अभियान में योगदान देने पर एसीपी हेड क्वार्टर अजय बाजपेयी और उनि शिवम ठक्कर को भी सम्मानित किया गया।

इंदौर • सिटी ब्लास्ट

प्रशिक्षकों का हुआ सम्मान

जिला शिक्षा केंद्र जिला इंदौर, इंदौर पुलिस, मध्य प्रदेश कराते एसोसिएशन, इंदौर जिला कराते एसोसिएशन ,कोठारी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था। इनको प्रशिक्षित करने के लिए 51 प्रशिक्षक ने मेहनत की, इन सभी प्रशिक्षकों का सम्मान किया गया। नीलेश्वरी तोमर को बेस्ट प्रशिक्षक के रूप में सम्मानित किया। वहीं तानिया जोशी, अंजलि परिहार, शिका खंडेलकर को सर्वाधिक बालिकाओं को प्रशिक्षण देने के लिए सम्मानित किया गया! इस अवसर पर अधिकारी अक्षयसिंह राठौर, अजय वाजपेयी, सुधीरा चंदेल, वीआर यादव, शिवम ठक्कर, गौतम कोठारी, सुरेश कोठारी, मधुलिका शुक्ला, डॉ. अभय गुप्ता, सुभाष सातालकर, अशोक सेन, विश्वास त्रिवेदी, नारायण चंदेलिया, कैलाश बाथम, मनोज बजाज उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर इंदौर सिटी भास्कर 02-04-2023

सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग देने वाले मार्शल आर्ट प्रशिक्षकों को सम्मानित किया

इंदौर | जिला कराते संगठन द्वारा बालिकाओं को आत्मरक्षा जिला का प्रशिक्षण देने वाले मार्शल आर्ट प्रशिक्षकों का सम्मान किया गया। जिला शिक्षा केंद्र, इंदौर पुलिस, मप्र कराते संगठन के 51 प्रशिक्षकों ने 144 शासकीय स्कूलों में सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी। इस दौरान 10277 बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। नीलेश्वरी तोमर को श्रेष्ठ प्रशिक्षक का पुरस्कार मिला। तानिया जोशी, अंजलि परिहार, सिका खंडेलकर को सर्वाधिक बालिकाओं को प्रशिक्षण देने के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान शिवम ठक्कर का विभिन्न विद्यालयों में साइबर क्राइम के बारे में बालिकाओं को जानकारी प्रदान देने पर सम्मान किया गया। कार्यक्रम डीपीसी अक्षय सिंह राठौर और एसीपी हेड क्वार्टर अजय वाजपेई के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

सचिव
विनय यादव
म.प्र. कराते एसोसिएशन
मो.: 9302555606

बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण समापन समारोह

फरवरी माह में दिया गया प्रशिक्षण, इन्दौर (म.प्र.)

शासकीय विद्यालय की संख्या - 144 स्कूल बालिकाओं की संख्या - 2,277 प्रशिक्षक की संख्या - 51 कोच

दिनांक - 26 मार्च, 2023

बालिका आत्मरक्षा कराते प्रशिक्षण का समापन समारोह कोठारी कॉलेज में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रुप में जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र, इन्दौर के श्री अक्षय सिंह जी राठौर मौजूद थे।अध्यक्षता इन्दौर जिला कराते एसोसिएशन व इन्दौर पुलिस ए.सी.पी. श्री अजय वाजपेयी जी ने की। विशेष अतिथि के रुप में पिथमपुर औद्योगिक संगठन के अध्यक्ष श्री गौतम कोठारी जी व देवी अहिल्या विश्विद्यालय की खेल अधिकारी श्रीमती सुधीरा चंदेल, पूर्व डी.एस.पी. बी.आर. यादव जी मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री अक्षय राठौर जी व कार्यक्रम अध्यक्ष श्री अजय वाजपेयी जी व उपनिरिक्षक शिवम ठक्कर को सम्मानित भी किया गया। साथ ही जिन प्रशिक्षकों ने उत्कर्ष सेवा कर बालिकाओं को अत्याधिक प्रशिक्षण दिया। उन्हें भी सम्मानित किया गया। आभार म.प्र. कराते एसोसिएशन के सचिव विनय यादव जी ने माना।